


# सबक – I
# भाषा किस चिड़िया का नाम है


भाषा शास्त्र
भाषा संवाद का माध्यम
भाषा ज्ञान का भंडार
भाषा ज्ञान की कुंजी
भाषा यह है
भाषा वो है
भाषा....
एक बात में :– भाषा इंसान को इंसान से जोड़ती है।
और इंसानों को आपस में बाँटती भी है।


# सबक – II
# भाषा का दूसरा कदम–स्कूल


स्कूल
कहानी नहीं, क ख ग घ
1 + 1 + 1 = Á नहीं
1 + 1 + 1 = 3
पढ़ना = खेलना नहीं
पढ़ना = रटना
स्कूल जेलों जैसे क्यों हैं?
शायद कैदियों जैसे नागरिक बनाने के लिए।


# सबक – III
# समाज का ताना बाना और भाषा


हिन्दी भाषा है–
और ब्रज, अवधी, बुन्देली,
मैथिली, आदि हिन्दी
की बोलियाँ
राजनेता–
मराठी महाराष्ट्र की अस्मिता
(कोंकणी नहीं?)
झारखंड में हिन्दी संथाली की, छत्तीसगढ़ में ... की, बुन्देलखंड़ में बुन्देली की बोली होगी।
हर जगह अंग्रेजी सिखाने वाले स्कूलों के ज़रिये ''इंगलिश'' भी हिन्दी की बोली होगी।


# सबक – IV
## बातें, पढ़ना, निजी संसार गढ़ना


खामोश स्कूल
पूरा स्कूल एकदम
शान्त है, पढ़ाई जारी है,
कहीं कोई
आवाज़ भी
नहीं आ रही।
''बहुत अच्छे''
– हेडमास्टर
''बढ़िया स्कूल है''
– इन्सपेक्टर
हाँ,
बच्चों के बाद के
जीवन में पढ़ने की
कोई गुँजाइश नहीं
रहती। उनके घर
अधपढ़े रहते हैं।


# सबक – V
# पढ़वाना किस चिड़िया का नाम है?


पढ़ाने का सनातन तरीका बेंत मार कर
शिक्षविद्ों का तरीका कहानी सुनाकर
तो बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वकील बनेंगे या फिर गपोड़ी कहानी बाज़?

# सबक – VI
## अब, लिखना किस चिड़िया का नाम है?


लिखने की सबसे मशहूर तस्वीर क्या है?
कवि, चित्रकार?
नहीं। दुकानों, अदालतों का मुंशी।

# सबक – VII
## इम्तहान/आकलन


सरकारी घोषणा
स्कूली बच्चों पर नम्बरों का आंतक बुरा है
नम्बरों के बजाए पाँच ग्रेड दिये जाएँगे
वाह!! अब जीवन भर का बोझ नहीं रहेगा!
लेकिन क्या पाँचवाँ ग्रेड थर्ड डिविज़न से बेहतर है?